

# अलाउद्दीन खां संगीत समारोह का समापन

## मैहर वाद्य वृंद सहित दर्जन भर कलाकारों ने दी प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

**सतना / मैहर 9 नवंबर । मैहर जिले के ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह की 51 वी समापन संध्या का शुभारंभ रविवार को मैहर वाद्य बृंद की प्रस्तुति से किया गया ।कार्यक्रम की मुख्याथिति नगरीय विकास एवम आवास राज्य मंत्री श्री मती प्रतिमा बागरी और सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में चार दिवसीय संगीत समारोह का समापन किया गया ।**

उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह की समापन संध्या का शुभारंभ मैहर वाद्य बृंद की प्रस्तुति से किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री मती प्रतिमा बागरी ने कहा कि शास्त्रीय संगीत भारत की आत्मा है ।मां शारदा आशीर्वाद और बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खां की संगीत साधना दोनो ही मैहर नगर की पहचान है ।बाबा की याद में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले संगीत समारोह में देश के प्रख्यात शास्त्रीय संगीत कलाकारों को समक्ष में देखने का सौभाग्य मिलता है ।संगीत वास्तव में अंतरात्मा में समाहित होने वाला अनुभव है जो व्यक्ति को आत्म विभोर करता है ।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में समारोह को और भी भव्य स्वरूप दिया जायेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि मां शारदा देवी की आध्यात्मिक शक्ति पीठ और कला , संस्कृति के क्षेत्र में बाबा अलाउद्दीन खां की संगीत विरासत मैहर की पहचान है ।उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र कला ,लोक संस्कृति के क्षेत्र में हमेशा आगे रहा है।

संगीत समारोह को पूर्वरंग के साथ जोड़कर चार दिवसीय संगीत समारोह में स्थानीय उदीयमान कलाकारों को मंच दिया गया है। सांसद ने कहा कि समारोह के आयोजन के पूर्व व्यापक प्रचार प्रसार की आवश्यकता है ।विधायक श्री कांत चतुर्वेदी ने कहा कि मैहर में संगीत महा विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 9करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है ।गुरुकुल की परंपरा को कायम रखने के लिए कॉलेज भवन के निर्माण की पहल शीघ्र शुरू की जाएगी ।उ न्होंने संगीत महाविद्यालय का नामकरण बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खां के नाम पर किए जाने की मांग रखी।





### अंतिम दिन इनकी रही प्रस्तुति

संगीत समारोह के चौथे एवं अंतिम दिन 9 नवम्बर को मैहर वाद्य वृन्द, की प्रस्तुति के पश्चात अनुराधा पाल मुंबई-रविशंकर उपाध्याय दिल्ली द्वारा तबला-पखावाज जुगलबंदी, कविता शाजी एवं साथी भोपाल द्वारा मोहिनीअट्टम समूह नृत्य, विनोद मिश्रा सतना का गायन, संगीत शंकर वाराणसी द्वारा वायोलिन वादन तथा मानव महंत ग्वालियर द्वारा दी गई कथक युगल की प्रस्तुतिओ ने संगीत रसिक श्रोताओं को भाव विभोर किया ।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कलेक्टर रानी बाटड पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने निदेशक अकादमी प्रकाश सिंह ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल नागर,एसडीएम दिव्या पटेल,सीएसपी महेंद्र सिंह,डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल,सहित गणमान्य नागरिक और संगीत रसिक श्रोता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के प्रारंभ राज्य मंत्री और सांसद ने समारोह स्थल पर श्री राम चरित्र गुण प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया।

# विधिक सेवा की वर्षगांठ पर न्यायोत्सव का हुआ शुभारंभ

## पहले दिन न्याय के लिए दौड़ें-कानूनी जागरूकता की ओर मैराथन का हुआ आयोजन




नवभारत न्यूज

**सतना 9 नवम्बर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तथा तहसील विधिक सेवा समिति मैहर द्वारा रविवार को "न्यायोत्सव" विधिक सेवा सप्ताह( 09 से 14 नवम्बर ) के शुभारंभ अवसर पर न्याय के लिए दौडें-कानूनी जागरूकता की ओर प्रत्येक कदम विषय पर मैराथन का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर एडीजे आदेश जैन, एडीजे शरद लटौरिया, मजिस्ट्रेट उदयाजीत कुंवर राव, मजिस्ट्रेट भानु पंडवार, डीपीओ गणेश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, सीएसपी महेन्द्र सिंह, टीआई अनिमेष द्विवेदी, मैहर मजिस्ट्रेट कार्यालय एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी भाग लिया व स्वास्थ्य के प्रति वरिष्ठजनों ने अपने विचार रखें।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव मैहर में आज

युवा कार्यकमं एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाने के निर्देश प्राप्त हुए है। निर्देशों के पालन में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 4 नवम्बर 2025 को किया जाना था। लेकिन अब 10 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैहर में आयोजित किया जायेगा। जिसमें 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवा भाषण, कहानी लेखन, पेटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन एवं विज्ञान तथा मेला प्रदर्शनी सहित 7 विधाओं में से किसी एक विधा में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को आवेदन फार्म के साथ फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, बैंक पासबुक की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। जिला स्तर एवं संभाग स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे। आयोजन में शामिल होने के लिए माई भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया जा सकता है।

# प्रतिबंधित 284 नशीले कैप्सूल के साथ दबोचे गए 2 आरोपी

- शहर के सेमरिया चौक की चौपाटी और भैंसाखाना क्षेत्र की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 9 नवंबर. शहर के सेमरिया चौक से सटी चौपाटी और भैंसाखाना के निकट से दबोचे गए 2 आरोपियों के पास से पुलिस ने प्रतिबंधित और नशे में इस्तेमाल होने वाले 284 नग कैप्सूल बरामद किए. जिसे देखते हुए आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस और ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.**

कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि एक युवक प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल के साथ खड़ा है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने समय गंवाए बिना सेमरिया चौक चौपाटी के निकट पहुंचकर घेराबंदी कर दी. इसी दौरान वहां पर मोटरसाइकिल सवार एक युवक खड़ा नजर आया. पुलिस को देखते ही उसने हड़बड़ाहट में भागने का प्रयास किया. लेकिन इसके बावजूद भी पुलिस ने उसे दबोच लिया. पूछताछ किए जाने पर युवक की पहचान अजय कुमार सोनी उर्फ अज्जू पिता गुलाबचंद्र उम्र 30 वर्ष निवासी बगहा वार्ड क्र. 3 के तौर पर हुई. इसी कड़ी में जब युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से कुल 136 नग स्पास्पो प्रोक्सीवान प्लस कैप्सूल बरामद हुए. पुलिस के अनुसार उक्त कैप्सूल न सिर्फ नशे में इस्तेमाल किए जातते हैं बल्कि प्रतिबंधित भी हैं. जिससे देखते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 8 21 22 एनडीपीएस एक्ट और 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई. आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाने के साथ ही उसकी बाइक को भी जब्त कर लिया गया.

### पान के टपरे में बिक रहा नशा

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भैंसाखाना क्षेत्र में स्थित एक पान के टपरे में छापेमारी की . टपरे में रखे एक थैले की तलाशी लिए जाने पर उसमें 6 पत्ते यानी 48 नग प्रतिबंधित नशीला कैप्सूल रखा मिला . जिसकी कीमत 11 हजार 540 रु आंकी गई . जिसे देखते हुए पुलिस ने आरोपी मोहम्मद रज्जक उर्फ मुन्ना पिता अब्दुल रज्जक उम्र 52 वर्ष निवासी नवदुर्गा चौक भैंसाखाना को गिरफ्तार कर एनडीपीएस-ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया .

# मोबाइल चुराकर यूपीआई से निकाल लिए 1 .30 लाख

## पुलिस ने आरोपी युवक को दबोचा, 40 हजार बरामद

नवभारत न्यूज

**सतना 9 नवंबर. गलती से नीचे गिरे मोबाइल को चुपचाप उठाकर अपने पास रख लिया और उक्त मोबाइल नंबर से अटैच दो बैंक खातों के 1.30 लाख रुपए को यूपीआई के जरिए कई ट्रांजैक्शन करते हुए निकल लिया. फरियादी की शिकायत पर जब पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ा तो इसका खुलासा हुआ. आरोपी युवक के पास से पुलिस ने 40 हजार रु बरामद कर लिए.**



रीवा जिले के मनगवां थाना क्षेत्र बेलवा पैकान गांव के निवासी पुष्पेंद्र सिंह पिता सुरेश उम्र 43 वर्ष, मैहर जिले के अमदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित खेरवासानी टोल प्लाजा कंपनी में कार्य करते हैं. पुष्पेंद्र ने पुलिस को बताया कि टोल प्लाजा में कार्य करने के दौरान उनका ओप्पो कंपनी का के-13 मोबाइल गिर गया. उन्होंने अपने मोबाइल को खोजने का काफी प्रयास किया लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली. इसी दौरान उनके गिरे हुए मोबाइल को किसी ने चुरा लिया. पुष्पेंद्र के अनुसार दरअसल उनके मोबाइल में जो सिम लगी हुई थी वह नंबर एसबीआई मनगवां और बैंक ऑफ बड़ौदा शिल्पी प्लाजा रीवा के खाते से टटैच था. उसके मोबाइल पर मौजूद यूपीआई फोन-पे के माध्यम से किसी व्यक्ति ने पैसे निकालने शुरु कर दिए. उनके मोबाइल के यूपीआई से कई ट्रांजैक्शन के जरिए उनके खाते में जमा 1 लाख 30 हजार रु निकाल लिए गए.

मामले की शिकायत मिलने पर सक्रिय हुई पुलिस ने साइबर सेल की मदद ली. तकनीकी साक्ष्य सामने आने पर पुलिस ने आरोपी की पहचान करते हुए उसे दबोच लिया. पकड़े गए आरोपी की पहचान महज 20 वर्ष के युवक बुद्धिमान उर्फ मनीष कुशवाहा पिता चंद्रभान निवासी भीर नईगढ़ी मऊगंज के तौर पर हुई. पुलिस द्वारा आरोपी युवक के पास से 40 हजार रु बरामद कर लिया गया.

### खतरे की घंटी...

आपका मोबाइल यदि किसी अवांछित व्यक्ति के हाथ लग जाए तो सबसे पहले तो उसे उसका फोन लॉक खोलना होगा . यदि फोन का लॉक आसानी से खुल भी गया तो उसमें मौजूद यूपीआई एप से ट्रांजैशन करने के लिए उसे 6 अंकों के गुप्त कोड की आवश्यकता होगी . लिहाजा या तो यह सारी जानकारियां आरोपी को चुराए गए फोन में ही मिल गई होंगी अथवा गुप्त कोड जानने के लिए किसी एक्सपर्ट का सहारा लिया गया होगा . हलांकि इस पहलू पर पुलिस द्वारा किसी तरह की जानकारी साझा नहीं की गई कि फोन की महत्वपूर्ण जानकारी आरोपी के हाथ कैसे लगी . लेकिन यह घटना उस खतरे की घंटी के प्रति आगाह करने के लिए काफी है कि मामला केवल चोरी हुए 10-15 हजार के मोबाइल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसके चलते बैंक खाते में भी सेंध लग सकती है .



# राज्यमंत्री ने सोहावल ब्लाक के 103 किसानों को किया बीज वितरित

नवभारत न्यूज

**सतना 9 नवम्बर, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रविवार को विकासखण्ड सोहावल में आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा सोहावल विकासखण्ड के अनुसूचित जाति, जनजाति तथा सामान्य वर्ग के 103 कृषकों को मसूर मिनीकिट का वितरण किया गया।**

इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज प्रदान किया ताकि वे अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करते हुए अपनी आय में वृद्धि कर सकें। राज्यमंत्री ने किसानों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं, अनुभवों और सुझावों पर चर्चा की। राज्यमंत्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हितैषी योजनाओं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, प्राकृतिक खेती प्रोत्साहन, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा कृषि यंत्रीकरण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि कृषक सम्मान, समृद्धि और आत्मनिर्भरता को आधार बनाकर प्रदेश को कृषि प्रधान राज्य से कृषि उत्कृष्ट राज्य की दिशा में अग्रसर किया जाए। केबीके मझगवां के वैज्ञानिक अशोक शर्मा एवं पंकज शर्मा द्वारा कृषकों को रबी फसलों की उन्नत जानकारी एवं मिट्टी परीक्षण एवं नरवाई प्रबंधन संबंधी जानकारी दी गई। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष राजेश रावत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बराज, कृषि स्थाई समिति सभापति राम सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती शन्नो देवी अहिरवार, जनपद सदस्य प्रतिनिधि उपेंद्र शुक्ला, उप संचालक कृषि आशीष पाण्डेय, एसएडीओ राजललन बागरी, सोहावल के समस्त कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

# कोतवाली पुलिस ने कराई गुंडा बदमाशों की परेड

नवभारत न्यूज

**सतना 9 नवंबर, कोतवाली थाना पुलिस द्वारा गुंडा-बदमाशों की परेड आयोजित की गई, जिसमें थाने के सभी चिन्हित दुश्चरित्र व्यक्तियों एवं बदमाश प्रवृत्ति के लोगों को उपस्थित कराया गया।**

परेड के दौरान थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा सभी व्यक्तियों को सख्त हिदायत दी गई कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक या असामाजिक गतिविधियों में लिप्त न हों तथा अपने आचरण में सुधार लाएं। कोतवाली थाना प्रभार रावेंद्र द्विवेदी के अनुसार गुंडा बदमाशों को यह भी चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में किसी के विरुद्ध आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने की जानकारी प्राप्त होती है तो उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर सभी उपस्थित व्यक्तियों के डोजियर अद्यतन किए गए, उनके गुजर-बसर जांच इंद्राज की कार्यवाही संपन्न की गई तथा उनके रहन-सहन, आय के साधन एवं वर्तमान गतिविधियों की भी जानकारी संकलित की गई। थाना प्रभारी द्वारा सभी स्टाफ को निर्देशित किया गया कि ऐसे व्यक्तियों पर लगातार निगरानी रखी जाए ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।



### हमारे शिक्षक ऐप पर ई-अटेंडेंस लगाया जाना सुनिश्चित करें

**सतना 9 नवम्बर,** लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के आदेशानुसार सभी लोक सेवकों, शिक्षकों को उनके शाला प्रभारी के साथ-साथ ई-अटेंडेंस हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से लगाये जाने के निर्देश दिये गये है। जिला शिक्षा अधिकारी सतना कंचन श्रीवास्तव ने बताया कि पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जिले में अति न्यून शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस लगाई जा रही है। उन्होंने सतना एवं मैहर जिले के समस्त संकुल प्राचार्य को निर्देशित किया है कि ई-अटेंडेंस शत-प्रतिशत शिक्षकों, कर्मचारियों की लगवाया जाना सुनिश्चित करें।

# भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा लगाए जाने का विरोध

नवभारत न्यूज

**सतना 9 नवंबर । सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक ट्रस्ट सतना की आवश्यक बैठक रविवार को ट्रस्ट भवन में ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. आर डी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**

नगर निगम सतना द्वारा एम आई सी की बैठक 10 अक्टूबर को अन्य प्रस्ताव में रीवा रोड मैहर बाय-पास तिराहा में भगवान सहस्त्रबाहु जी की प्रतिमा स्थापित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था व सामान्य सम्मेलन 7 नवंबर 2025 को उपरोक्त प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया। जबकि रीवा रोड मैहर बाय-पास तिराहा में वर्ष 2011 में नगर निगम सतना व नगर निवेश द्वारा अनापत्ति जारी हुआ था संस्कृति मंत्रालय मध्य प्रदेश शासन द्वारा सरदार पटेल जी की आदम कद प्रतिमा लगाए जाने हेतु 25 लाख स्वीकृत हुआ अग्रिम 5 लाख रुपए कलेक्टर महोदय के खाते में आ चुका था काफी समय बीत जाने के बावजूद आज दिनांक तक उनकी प्रतिमा नहीं लगाई जा सकी।


नगर निगम सतना द्वारा उसी स्थान पर भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा लगाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है जो गलत है। भगवान सहस्त्रबाहु जी की प्रतिमा कही अन्यत्र जगह मंदिर बनाकर स्थापित की जाय।

रीवा रोड मैहर बाय-पास तिराहा में भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा स्थापित किए जाने का नगर निगम द्वारा पारित प्रस्ताव वापस लिया जाय। अन्यथा ट्रस्ट मंडल आंदोलन के लिए मजबूर होगा।

## एक नजर में



### रासलीला प्रसंग सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



**सतना ।** धवारी चादमारी रोड गली नं . 1 निवासी अमित निगम के निज निवास पर इन दिनो चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा में भक्ति, ज्ञान और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। वृदावन के कथा वाचक पंडित प्रदीप कृष्ण शास्त्री अपने मधुर वचनों और भजनमय शैली में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर रहे है। प . शास्त्री ने श्रीकृष्ण की रासलीला, कंस वध और रुक्मिणी विवाह जैसे पावन प्रसंगों का वर्णन किया। रासलीला प्रसंग में जब शास्त्री जी ने गोपियों के साथ श्रीकृष्ण के अद्भुत मिलन का भावपूर्ण चित्र खींचा, तो श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद उदय शरण चतुर्वेदी, रामाश्रय निगम, श्रीमती रमोला निगम, अमित निगम सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे ।



### जंतर-मंतर दिल्ली में ओपीएस बहाली की गूंज

**सतना ।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता विनय कनौजिया व जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह ने बताया की *डॉ मंजीत सिंह पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के नेतृत्व में एवं आजाद अध्यापक शिक्षक मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष भाई भरत पटेल के आह्वाहन पे मध्य प्रदेश के समस्त शिक्षक संवर्ग सहित देश के कई राज्यों से आए हुए लाखों एनपीएस एवं यूपीएस धारी शासकीय कर्मचारी संगठनों का 09 नवंबर को जंतर मंतर नई दिल्ली में ओपीएस बहाली के लिए ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन सार्थक एवं सफल रहा, जिसके ही परिणामस्वरूप केंद्रीय राज्य मंत्री के साथ वार्ता के लिए 11नवंबर 2025 को एक डेलिगेशन केंद्र सरकार ने आमंत्रित किया है।*

### अलाउद्दीन खां को मिले भारत रत्न : सुरेंद्र



**सतना,** जदयू राष्ट्रीय समिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने एक बार केंद्र सरकार से पुन: मांग करते हुए कहा कि संगीत सम्राट उस्ताद अलाउद्दीन खां को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए क्योंकि कि उन्होंने अपनी संगीत साधना और विधा से मैहर के साथ साथ पूरे देश और दुनिया में अपनी छाप छोड़ी उनके विरासत को आगे ले जाना और उस विधा की पहचान को कायम रखना शासन प्रशासन के साथ साथ हम सभी की जिम्मेदारी भी है इसके लिए राज्य सरकार को अपनी अनुशंसा के साथ बाबा अलाउद्दीन खां को भारत रत्न देने का केंद्र सरकार से अनुरोध करना चाहिए क्योंकि वो इसके हकदार हैं और भारत सरकार भी उन्हें इस सम्मान से नवाजे। श्री शर्मा ने आशा व्यक्त किया कि सरकार इस पर अवश्य विचार करेगी।

# युनिटी मार्च के तहत मैहर विस के नादन में 10 किलोमीटर निकली पदयात्रा

## सरदार वल्लभभाई पटेल तथा बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को जमीन में मोदी जी ने उतारा :सांसद गणेश सिंह

नवभारत न्यूज

**सतना 9 नवंबर, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रविवार को मैहर विधानसभा के नादन क्षेत्र में 10 किलोमीटर पदयात्रा निकाली गई। यूनिटी मार्च का जगह-जगह स्वागत किया गया।**



मुख्य अतिथि के रूप में सांसद गणेश सिंह ने शिरकत की, जबकि पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, मैहर भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने भी उपस्थित रहे। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि मैहर जिले की एकता यात्रा (रन फॉर यूनिटी) की शुरुआत अमरपाटन से शुरु कर मैहर विधानसभा के ग्राम पंचायत नादन में 10 किलोमीटर चलकर उसका समापन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने यात्रा का स्वागत किया तथा उसके सहभागी भी बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता के सिद्धांत को तथा बाबा साहब अंबेडकर के सामाजिक सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार वे काम कर रहे हैं, देश विकसित राष्ट्र बने आत्मनिर्भर बने यह तभी संभव है जब देश एकजुट रहेगा, एकता यात्रा में सभी वर्गों, सभी धर्मों तथा सभी उम्र के लोगों को जोड़ने का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा पीएम मोदी जी के नेतृत्व में देश सभी क्षेत्रों में तेज गति से प्रगति कर रहा है और पूरी तरह से विकास कर रहा रहा है, गांव-गांव से जुड़ेंगे फिर शहर से भी जुड़ेंगे और यह क्रम प्रदेश और देश तक जाएगा इस यात्रा का यही असली उद्देश्य है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि, जब तक कांग्रेस की सरकारें रहीं कभी भी अंबेडकर जी और सरदार वल्लभभाई पटेल जी को भारत रत्न नहीं दिया,

### यात्रा में इन्होंने दर्ज कराई उपस्थिति

कार्यक्रम में श्रीकांत चतुर्वेदी विधायक मैहर, कमलेश सुहाने जिला अध्यक्ष मैहर, रामखेलावन पटेल पूर्व मंत्री, रामखेलावन कोल जिला पंचायत अध्यक्ष, जितेंद्र पटेल जिला महामंत्री, शिवदयाल प्रजापति जिला महामंत्री, तारा विजय पटेल जिला पंचायत सदस्य, मनोज पटेल जनपद उपाध्यक्ष, विश्वनाथ तिवारी, गुरुप्रसन्न सिंह, दिनेश शुक्ला, रामसुशील पटेल, आशुतोष गुप्ता सूरज, सत्यभान सिंह कार्यक्रम सहसंयोजक, सुऐश चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष अमरपाटन, विष्णु पांडे मंडल अध्यक्ष बड़वार, अखिलेस्वर सोनी मंडल अध्यक्ष कठहा, कालिका पटेल, सियाशरण पटेल, रूपनारायण पटेल, गोरेलाल पटेल, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।